राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण तीन माह में बनेगा

निर्देश

लखनऊ, विशेष संवाददाता। राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एससीआरडीए) का मुख्यालय लखनऊ में होगा और इससे जुड़े जिलों में क्षेत्रीय कार्यालय खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आवास विभाग के साथ उच्चाधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिया। एससीआरडीए में लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर और बाराबंकी जिले शामिल होंगे। पहले कानपुर व कानपुर देहात को भी इसमें शामिल किए जाने पर चर्चा थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन महीने के अंदर एससीआरडीए की कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए। झांसी औद्योगिक विकास प्राधिकरण के बाद एससीआरडीए प्रदेश में नियोजित शहरी विकास का मॉडल होगा।